हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, शनिवार, 24 मई, 2025

12 बढ़ते तापमान से सरकारी अस्पताल में 300 ओपीडी...




12 पेयजल समस्या से खफा लोगों ने किया रोड जाम तो...



# पंचायती राज विभाग का कार्यालय बना लड़ाई का अखाड़ा, जमकर चले जूते चप्पल

## बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष ने सरपंच की पिटाई कर पगड़ी उतारी, गुस्साए ग्रामीणों ने पूर्व मंडल अध्यक्ष व समर्थकों की पिटाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭रतिया

पंचायती राज विभाग के उपमंडल अधिकारी के कार्यालय में शुक्रवार को बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा ने गांव भुंदड़वास के वर्तमान सरपंच सरबजीत सिंह की पिटाई कर दी और उसकी पगड़ी उछलकर फेंक दी। ग्रामीणों को जैसे ही सरपंच की पिटाई का पता चला तो सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीण उपमंडल अधिकारी कार्यालय के कमरे में पहुंच गए और उन्होंने पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा व उनके दो समर्थकों की जूते व चप्पलों से पिटाई करनी शुरू कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंची और पुलिस सुरक्षा में बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष व उनके समर्थकों को कार्यालय से बाहर निकाला गया। सरपंच की पिटाई की सूचना मिलने पर रतिया ब्लॉक के तीन दर्जन सरपंच भी मौके पर पहुंच गए और देर शाम पूर्व मंडल अध्यक्ष के खिलाफ रतिया थाने में शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की। मिली जानकारी के अनुसार भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा 5 साल तक गांव भुंदड़वास के सरपंच रह चुके हैं। उनके कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्य को लेकर ग्रामीणों द्वारा घोटालेबाजी की शिकायत जिला उपायुक्त को की गई थी।



रतिया। सरपंच से पूछताछ करते पुलिस की टीम।

### सरपंचों ने की मारपीट की निंदा

सूचना मिलते ही रतिया ब्लॉक के काफी सरपंच मौके पर पहुंच गए और सरपंच से मार पिटाई की कड़े शब्दों में निंदा की। सरपंचों ने बाद में सिटी थाना में पहुंचकर बीजेपी के पूर्व मंडल अध्यक्ष के खिलाफ शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। सरपंचों की चेतावनी दी कि जब तक पूर्व मंडल अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाएगी वह थाने से बाहर नहीं जाएंगे।

### भाजपा नेता ने लगाए आरोप

भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा ने आरोप लगाया कि उन्होंने सरपंच से कोई मारपीट नहीं की, उल्टा सरपंच के समर्थकों नहीं उनके साथ मार पिटाई की और गाली गलौज की, जिसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करवाई जाएगी। सिटी थाना अध्यक्ष रणजीत सिंह ने बताया कि सरपंच सर्वजीत सिंह ने पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मपाल शर्मा के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए शिकायत दी है जिसकी जांच की जा रही है और जांच के उपरांत कार्रवाई की जाएगी।

### सरपंच ने लगाए चुनावी रंजिश के आरोप

सरपंच ने आरोप लगाया कि धर्मपाल शर्मा के कार्यकाल की कुछ ग्रामीणों ने आरटीआई भी लगाई हुई है जिसको लेकर धर्मपाल शर्मा उससे नाराज है और आरटीआई ना देने के लिए उस पर व ग्राम सचिव पर दबाव भी बन चुका है। धर्मपाल उसके खिलाफ चुनाव भी लड़ चुका है जिसमें वह हार गया गया था और उससे रंजिश रखता है। जैसे ही सरपंच पर हमले की सूचना गांव वासियों को मिली तो काफी संख्या में ग्रामीण बीडीपीओ कार्यालय में पहुंच गए और पंचायती राज विभाग के उपमंडल अधिकारी के कमरे में पहुंच गए वहां पर धर्मपाल शर्मा और उनके दो समर्थक बैठे हुए थे। उनको देखते ही ग्रामीणों ने जूते व चप्पलों से धर्मपाल शर्मा और उनके समर्थकों की पिटाई करनी शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### बंद पैट्रोल पंप से हजारों की चोरी, शिकायत दर्ज

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस ने मॉडल टाऊन कालांवाली निवासी महेंद्रपाल पुत्र जगदीश राय की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी व सेंधमारी का मामला दर्ज किया है। अपनी शिकायत में महेंद्रपाल ने बताया कि उसका गांव तख्तमल में काका किसान सेवा केंद्र के नाम से पैट्रोल पंप है। जोकि महकमे द्वारा फरवरी माह से बंद किया हुआ है। वह सप्ताह में एकाध बार पंप को संभालता हूं। उसने बताया कि 21 फरवरी को वह पंप पर गया तो इन्वर्टर की आठ घोड़ा बैट्री, एक 15 इंची एलईडी, ऑटो मशीन की दो बैट्री, सीसीटीवी कैमरे की 33 इंची एलईडी, डीवीआर और 7 कैमरे के अलावा बिजली की तारे, कूलर और बाथरूम की टूंटियां गायब पाई।

### मोटर की केबल चुरा ले गए चोर, केस दर्ज

**सिरसा।** जिला के गांव शहीदांवाली में चोरों ने एक किसान के खेतों से ट्यूबवेल की मोटर की केबल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में अनिल कुमार ने बताया उसने खेतों में सिंचाई के लिए सबमर्सिबल मोटर लगाई हुई है। बीती 21 मई की शाम को वह खेतों से घर आ गया। देर रात्रि को चोरों ने खेतों में घुसकर करीब 550 फुट ट्यूबवेल मोटर की केबल चोरी कर ली। सुबह जब वह खेतों में गया तो उसे घटना का पता चला। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन केबल का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### अस्पताल के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी

**सिरसा।** शहर के डबवाली रोड स्थित एक अस्पताल के बाहर से चोर मोटरसाइकिल चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में सिरसा निवासी टिंकू ने बताया कि डबवाली रोड स्थित निजी अस्पताल में उसके मामा दाखिल थे। बीती 21 मई को वह अपने मामा से मिलने के लिए गया था। बाइक बाहर खड़ी कर वह अंदर चला गया। कुछ देर बाद आया तो बाइक गायब मिली। उसने अपने स्तर पर आसपास के लोगों से भी पूछताछ की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद उसने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर केस दर्जकर आगामी कार्रवाई शुरू की है।

### सरकार खिलाड़ियों को देगी सम्मान, आवेदन मांगे

**सिरसा।** हरियाणा सरकार द्वारा राज्य के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने एवं उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य सरकार द्वारा निर्णय लिया गया है कि उत्तराखंड में हुए 38वें नेशनल गेम्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों, स्वर्ण पदक, रजत पदक एवं कांस्य पदक विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी जगदीप ने बताया कि खेल विभाग द्वारा ऐसे सभी खिलाड़ियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए हैं। जिला के खिलाड़ी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं।

## गर्म हवाएं सब्जियों की फसल में फूल आने में डालती हैं बाधा

# हीटवेव का भिंडी, घीया, खीरा, टमाटर व पत्तेदार सब्जियों पर खतरा मंडराया

फतेहाबाद में 1800 एकड़ में घीया, टमाटर, करेला, भिंडी, कद्दू आदि सब्जियों की खेती हो रही है

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

लगातार बढ़ रहे तापमान और राजस्थान से आ रही गर्म हवाओं के कारण सब्जियों पर खतरा मंडराने लगा है। इन दिनों हीट वेव से खीरा, टमाटर, भिंडी के साथ-साथ बेल वाली सब्जियां घीया, तोरी, कद्दू जैसी फसल बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। गर्म हवाएं इन सब्जियों की फसल में फूल आने में बाधा डालती हैं।

तीव्र गर्मी भी ऊपरी मिट्टी को तेजी से सुखा देती है, जिससे नमी की कमी हो जाती है जो पौधों की जड़ों पर दबाव डालती है। इससे पैदावार कम हो जाती है। पौधों के स्वास्थ्य पर सीधे प्रभाव के अलावा, अत्यधिक गर्मी कीटों और बीमारियों के लिए अनुकूल परिस्थितियों को भी बढ़ावा देती है। बागवानी विशेषज्ञों ने जलवायु-तनावग्रस्त वातावरणों में उत्पादकता बनाए रखने के लिए गर्मी-सहनशील, बेहतर मल्चिंग तकनीकों और कुशल सिंचाई शेड्यूलिंग की आवश्यकता पर बल दिया।



फतेहाबाद। खेतों में खड़ी भिंडी व मिर्च की फसल। फोटो : हरिभूमि

### 2500 एकड़ में सब्जी व फलों को हो रही है खेती

फतेहाबाद में इस समय 1800 एकड़ में घीया, टमाटर, करेला, भिंडी, कद्दू इत्यादि सब्जियों की खेती हो रही है। इसके अलावा फलों में तरबूज, खरबूजा इत्यादि की खेती की जा रही है। जिले में इस बार सब्जी व बागवानी की कुल 2500 एकड़ में बिजाई की गई है। तरबूज व खरबूजा की फसल लगभग बाजार में आ गई है। अब शेष बचे हैं घीया, टमाटर, करेला, भिंडी, कद्दू व हरी मिर्च। बागवानी विभाग का कहना है कि सब्जी उत्पादक किसान ध्यान दें तो गर्मी से इन फसलों को बचाया जा सकता है।

### आगे हीट वेव चलने की संभावना

*हीट वेव चलने से पहले ही प्याज व आलू की फसल निकाल ली गई है। अब बेलदार व पत्तेदार सब्जियां ही बची है, हीटवेव का 10 फीसदी सब्जियों पर इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आगे हीट वेव चलने की संभावना है। ऐसे में किसान अलसुबह व देर शाम को सिंचाई करें। यूरिया का कम प्रयोग करें ताकि नुकसान कम हो। -डॉ. श्रवण कुमार, जिला बागवानी अधिकारी*



### गर्मी से बचाने के लिए ये जरूरी उपाय अपनाएं

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि सब्जियों पर अभी तक 10 प्रतिशत ही नुकसान है। दरअसल हीट वेव लंबा नहीं चल रहा। बीच-बीच में तापमान में कमी आ जाती है। अगर किसान थोड़ा सा भी सब्जियों की फसल पर ध्यान दें तो फसल को बचाया जा सकता है। सब्जी विशेषज्ञों का कहना है कि किसान छाया प्रबंधन पर जोर दें। बेलों पर 30 से 50 प्रतिशत छाया जाल लगाएं। लंबे पौधों के साथ अंतर-फसलः मक्की या सूरजमुखी आंशिक छाया प्रदान कर सकते हैं। अस्थायी फील्ड सुरंगें शुरुआती चरणों के लिए बहुत अच्छी हैं। मिट्टी और पौधों का स्वास्थ्य बारे विशेषज्ञों ने कहा कि पानी को बनाये रखने के लिए खाद और कार्बनिक पदार्थ डालें। गर्मी के दौरान भारी नाइट्रोजन उर्वरक से बचें, संतुलित धीमी गति से निकलने वाले उर्वरकों का उपयोग करें। इसी तरह सब्जियों के खेतों में सिंचाई करें और मल्चिंग पद्धति अपनाएं। ड्रिप सिंचाई आदर्श है। तनाव को कम करने के लिए मिट्टी की नमी को लगातार बनाए रखें। जल्दी वाष्पीकरण से बचने के लिए पौधों की ठंडे समय सुबह जल्दी या देर शाम में सिंचाई करें। पत्तियों को ठंडा करना बेहद जरूरी है। यह परावर्तक अवरोध बनाता है और पत्तियों को ठंडा करता है। चरम गर्मी से पहले कटाई करें या इसके बीत जाने के बाद रोपण करें। सीधी धूप से बचाव व हवा की आवाजाही फलों पर दोपहर की सीधी धूप को कम करने के लिए पंक्तियों को पूर्व-पश्चिम की ओर संरेखित करें। गर्म हवाओं को रोकने और वाष्पोत्सर्जन को कम करने के लिए विंड ब्रेक जैसे, मक्का, सूरजमुखी या कृत्रिम जाल स्थापित करें। पतियों से प्राकृतिक छाया का उपयोग करें और ओवरहेड सिंचाई रोग को बढ़ावा दे सकती है।



फतेहाबाद। पंचकूला प्रदर्शन को लेकर स्कूलों का दौरा करती अध्यापक संघ की टीम।

# 5 जून को होने वाले प्रदर्शन को लेकर 75 स्कूलों का दौरा

- अध्यापकों को बिना शर्तों के सेवा अवधि अनुसार एसीपी का लाभ दिया जाए : मित्ताथल

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

अध्यापकों की समस्याओं को लेकर 5 जून को शिक्षा सदन पंचकूला में मास डेपुटेशन के साथ किए जाने वाले प्रदर्शन में फतेहाबाद जिले से सैंकड़ों अध्यापक भाग लेंगे। प्रदर्शन को लेकर हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की टीम द्वारा जिले के प्राइमरी स्कूलों से लेकर सीनियर सैकेंडरी स्कूलों तक लगभग 75 स्कूलों का दौरा कर लिया है। अध्यापकों में सरकार की हठधर्मिता और शिक्षा विभाग के ढुलमुल रवैया के खिलाफ भारी रोष है। अध्यापक संघ के जिला प्रधान राजपाल मिताथल, राज्य आडिटर सुरजीत दुसाद, जिला सचिव देसराज माचरा, कोषाध्यक्ष मास्टर जगजीत, राज्य सचिव पूनम रानी ने बताया कि खंड फतेहाबाद में जिला वरिष्ठ उप प्रधान डॉ. नीतू डुडेजा, उप प्रधान दलवन्ती, प्रधान हरपाल हुड्डा, सचिव मुरारी लाल, भगतसिंह, राजेश गोठड़ा, योगेन्द्र सिंह, राजेश डीपी, सुभाष आर्य, भूना खंड में राजकुमार जिला संगठन सचिव, प्रधान दलबीर सिंह, सचिव नरेश कुमार, भटटू खंड में देसराज माचरा जिला सचिव, प्रधान सतपाल ढाका, सचिव अजय बेनीवाल, रतिया में जिला सह सचिव देवीलाल, प्रधान रजवन्त, रविन्द्र कुमार, राजेन्द्र प्रसाद, टोहाना व जाखल में राज्य उप महासचिव कृष्ण नैन, राज्य सचिव पूनम रानी, टोहना सचिव विनोद शिला, राजेन्द्र कुमार व जिला कमेटी के नेतृत्व में टीमों का गठन किया गया है।

### यह लगाया आरोप

सभी टीमों ने अध्यापकों से सम्पर्क किया है। अध्यापक नेताओं ने कहा कि 3 से 5 साल तक एसीपी के केस डीएससी और जिला मुख्यालय पर अटके हुए हैं। उन्होंने बताया कि विभाग में नौकरी लग जाता है तो एचटेट पास और सभी कंडीशन पूरी करके नौकरी लगता है परन्तु एसीपी के लिए नया रूल 2012 का हवाला देकर एसीपी का लाभ से वंचित किया जा रहा है। यदि समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो 9 जुलाई को राष्ट्र व्यापी हड़ताल में अध्यापक संघ बढ़चढक़र भाग लेगा।

## कन्या अनुपात सुधार के लिए कार्यक्रम

- विभाग ने गांवों में चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

महिला एवं बाल विकास विभाग बड़ागुढ़ा की टीम द्वारा क्षेत्र में कन्या अनुपात में सुधार के लिए आधा दर्जन गांवों में जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसके अंतर्गत शुक्रवार को सुपरवाइजर लता रानी के प्रतिनिधित्व में राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बप्पां और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय अलीकां में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी तरह बबीता रानी सुपरवाइजर के नेतृत्व में राजकीय उच्च विद्यालय थिराज तथा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय झोरड़ रोही में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय फग्गू तथा राजकीय उच्च विद्यालय सुरतिया में सुपरवाइजर पूजा रानी के नेतृत्व में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस सभी गांवों में जागरूकता कार्यक्रम में बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश के साथ कन्या भ्रूण हत्या जैसी बुराई को समाज से पूर्णतः खत्म करके अनुपात में सुधार करके बेटियों को जीने का समान अधिकार देने के लिए प्रेरित किया गया।



सिरसा। स्कूल में जागरूकता अभियान चलाते विभागीय कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

# सरकारी स्कूलों के टॉपर विद्यार्थी सम्मानित

- विद्यार्थियों ने प्रशासन से परिचय के तहत जानी तीन विभागों की प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

जिला प्रशासन द्वारा मेधावी विद्यार्थियों को सरकारी विभागों की कार्य प्रणाली जानने का अवसर प्रदान करने के लिए सिरसा जिला में प्रशासन से परिचय कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को जिले के नौ सरकारी स्कूलों के टॉपर विद्यार्थियों को तीन सरकारी विभागों की कार्य प्रणाली समझने का अवसर प्रदान किया गया। मत्स्य विभाग की ओर से बड़ागुढा में मत्स्य पालन का कार्य दिखाया गया, वहीं मार्केट कमेटी द्वारा फसल खरीद तथा वीटा प्लांट में दूध से बनने वाले प्रोडक्ट के बारे में जानकारी हासिल की। अतिरिक्त उपायुक्त ने कार्यक्रम का हिस्सा बने विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में राजकीय मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल डबवाली के छात्र विशाल कुमार, राजकीय संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल कालांवाली के वैष्णवी गोयल, आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की छात्रा मनप्रीत कौर, आरोही मॉडल स्कूल जलालआना की छात्रा पूजा तथा दिपेंद्र कौर आदि रहे।



सिरसा। टॉपर विद्यार्थियों को सम्मानित करते एडीसी। फोटो : हरिभूमि

### मेधावियों के लिए आयोजन

गौरतलब है कि दिसंबर 2024 में जिला प्रशासन ने सरकारी विभागों को समझने और वहां के कार्यों के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशासन से परिचय कार्यक्रम शुरू किया। जिसमें अबतक 14 पीएम श्री स्कूल के 70 विद्यार्थी, सात राजकीय कॉलेज के 70 विद्यार्थी, दो प्राइवेट स्कूलों के 11 विद्यार्थी कार्यक्रम का हिस्सा बन चुके हैं। इस कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के मेधावी विद्यार्थियों को ही दो दिनों के लिए 11 विभागों की जानकारी देने के लिए आमंत्रित किया जाता है।

## जन समस्या का प्राथमिक स्तर पर हो स्थायी समाधान: उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि सभी विभाग समाधान शिविर व अन्य माध्यमों से आने वाली शिकायतों के समाधान के लिए गंभीरता से कार्य करें। जन समस्या का प्राथमिक स्तर पर स्थायी समाधान हो ताकि आमजन को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिले और जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें। शुक्रवार को समाधान प्रकोष्ठ के तहत आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने सोमवार और वीरवार को समाधान शिविरों में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को जल्द समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और स्थाई समाधान हो, यह जिला प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला व उपमंडल स्तर पर हर सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिसके तहत नागरिक अपनी समस्याएं रख सकते हैं, ये समाधान शिविर आमजन की समस्याओं के निवारण के लिए सशक्त माध्यम बने हैं। उपायुक्त शांतनु शर्मा ने कहा कि आमजन इन समाधान शिविरों का ज्यादा से ज्यादा लाभ उठाकर अपनी समस्याएं हल करवा सकते हैं।

## शहर में दोपहर को नहीं हुई पानी की सप्लाई, 26 को बारिश के आसार

# बढ़ते तापमान में बिजली कट बढ़ा रहे परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭फतेहाबाद

प्रदेश में मई मास में ही गर्मी ने सारे रिकार्ड ध्वस्त करके रख दिए है। पिछले 4 दिनों से पारा लगातार 43 डिग्री से ऊपर चल रहा है। बीती रात से रात का पारा 3 डिग्री बढक़र 26 डिग्री तक पहुंच गया। अधिकतम तापमान भी सामान्य से 4 डिग्री ज्यादा है। भीषण गर्मी, ऊपर से बिजली की कटौती से लोगों में हा-हाकार मचा हुआ है। कल रात बिजली के 12 अघोषित कट लगे, जिसमें कुल 4 घंटे बिजली गायब रही। उधर, लू व गर्मी से लोगों में डायरिया, उलटी दस्त जैसी बीमारियों का प्रकोप बढ़ गया है। हिसार एचएयू मौसम विभाग के अध्यक्ष डॉ. एमएल खिचड़ का कहना है कि इन दिनों तापमान सामान्य से 4 डिग्री अधिक चल रहा है। तापमान में अभी 1 से 2 डिग्री ओर बढ़ोतरी होगी। 25 मई को रात्रि पश्चिमी विक्षोभ आने के चलते 26 मई को बारिश के आसार बन रहे हैं।



फतेहाबाद। भीषण गर्मी में अपनी प्यास बुझाता गौवंश। फोटो : हरिभूमि

### शहर में दोपहर को नहीं हुई पेयजल सप्लाई

बीती रात फतेहाबाद शहर में बिजली कट लगने से लोगों में हा-हाकार मच गया। बताया गया है कि गर्मी बढने के साथ ही बिजली की डिमांड में भी रिकार्ड बढ़ोतरी हुई है। ओवरलोडिंग के कारण बार-बार ट्रांसफार्मरों के फ्यूज उड़ रहे है और फीडर भी ब्रेकडाउन हो रहे है। बिजली के कटों की मार हर वर्ग को झेलनी पड़ रही है। वीरवार रात को 12 बार शहर में बिजली कट लगे तो शुक्रवार सुबह हर घंटे में कट लगा। दोपहर होते-होते लोगों के पसीने छूट गए। खैरातीखेड़ा रोड स्थित जलघर से आमतौर पर सुबह 5 बजे के बाद दोपहर को पानी की सप्लाई होती है। शुक्रवार सुबह 5 बजे तक पानी सप्लाई आई लेकिन दोपहर को पब्लिक हैल्थ के कर्मचारियों ने हाथ खड़े कर दिए। दोपहर को 2 बजे शहर में होने वाली पानी की सप्लाई बिलकुल नहीं हो पाई। वजह थी खैरातीखेड़ा रोड स्थित जलघर में इलैक्ट्रिक फाल्ट आ गया था। विभाग के कर्मचारियों ने ग्रुप ने ही लिख दिया कि पानी की सप्लाई संभव नहीं। 5 बजे के बाद की जाएगी।



घरेलू मक्खी से करीब 30 बीमारियां हो सकती हैं।



घोड़ा अपने वजन से पांच गुना अधिक बोझ खींच सकता है।

# लड़कियां आईटीआई में कर सकती हैं कुछ स्पेशल कोर्स



नालेज

यंगभूमि डेस्क

लड़का हो चाहे लड़की, पढ़ाई में अब भेदभाव नहीं रहा है। आज के समय में हर कोई व्यक्ति अपने बच्चों को साक्ष्य बनाना चाहता है यानी कि बच्चों को अच्छा पढ़ाना चाहता है। लड़कियों के लिए विशेष तौर पर कई प्रकार के अलग-अलग डिग्री व डिप्लोमा मौजूद होते हैं। लड़का और लड़की समान रूप से शिक्षा हासिल कर रहे हैं। लड़कियां कुछ ऐसे कोर्स कंप्लीट करके अपने करियर को आगे बढ़ा सकती हैं। करियर बनाने के लिए आईटीआई कोर्स लड़कों और लड़कियों के लिए उचित अवसर माना जाता है आईटीआई कोर्स में लड़कियों के लिए कुछ स्पेशल कोर्स जैसे हेयर डिजाइनिंग कोर्स इत्यादि मौजूद होते हैं।

## लड़कों से कम नहीं लड़कियां

आज के समय में ऐसा माना जाता है कि लड़कियां लड़कों से कम नहीं है ऐसे में लड़कियों के लिए भी अलग से आईटीआई कोर्स उपलब्ध करवाए गए हालांकि इन कोर्सों को लड़के भी कर सकते हैं। लेकिन विशेष तौर से इन कोर्स को लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है। जिसमें से लड़कियां किसी भी एक और को चुनकर अपने करियर को सकते हैं और अपने फ्यूचर में खुद को काबिल बना सकते हैं।

### हेयर एंड स्किन केयर का कोर्स

हेयर एंड स्किन केयर का आईटीआई कोर्स जो विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध करवाया गया है इस कोर्स के नाम से ही पता चलता है कि इस कोर्स में लड़कियों की रुचि सबसे ज्यादा होती है। आईटीआई के इस कोर्स के माध्यम से सुंदरता और देखभाल संबंधित महत्वपूर्ण चीजें सिखाई जाती है। मुख्य तौर पर लड़कियां इस प्रकार के कोर्स को करने में अपनी अधिक रुचि दिखाती है और लड़कियों के लिए ही विशेष तौर से यह कोष उपलब्ध करवाया गया है। इस कोर्स को करने के पश्चात लड़कियां ब्यूटी पार्लर में नौकरी कर सकती है और खुद का ब्यूटी पार्लर भी खोल सकते हैं और अपने करियर को एक जगह पर स्टेबल करने में उन्हें मदद मिलती है।

## कढ़ाई एवं सिलाई

लड़कियों के लिए दूसरा सबसे बेहतरीन आईटीआई कोर्स कटाई व सिलाई आईटीआई कोर्स है। इस कोर्स के अंतर्गत सिलाई के विशेष प्रकार के कार्य लड़कियों को सिखाए जाते हैं और साथ ही साथ कढ़ाई के काम भी सिखाए जाते हैं। आज के समय में कटाई और सिलाई की लोकप्रियता तथा डिमांड दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में यह आईटीआई कोर्स करके आप किसी भी बड़ी सिलाई या कढ़ाई की फैक्ट्री में मशीन ऑपरेटिंग का काम कर सकते हैं या फिर अपना खुद का सिलाई व कढ़ाई का काम शुरू कर सकते हैं।

### स्टाइल और फैशन के कोर्स

आईटीआई के बहुत सारे कोर्स है। जिसमें स्टाइल और फैशन के कोर्स भी मौजूद है। आईटीआई के फैशन डिजाइनिंग का कोर्स विशेष तौर से लड़कियों के लिए उपलब्ध होता है। इसको उसको करने के पश्चात लड़कियां फैशन डिजाइनिंग के क्षेत्र में अपने भविष्य को आगे बढ़ा सकती है। फैशन डिजाइनिंग का आईटीआई कोर्स करने के पश्चात लड़कियां खुद का ब्यूटी पार्लर खोलने के साथ-साथ कई तरह से फैशन डिजाइनर के तौर पर भी नौकरी हासिल कर सकती है। फैशन डिजाइनिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात हर लड़की का भविष्य सिक्योर माना जाता है। क्योंकि आज के समय में फैशन डिजाइनर की डिमांड बहुत ही अधिक है।

## ये कोर्स करियर बनाने में सहायक

### स्टेनोग्राफर

आईटीआई में सबसे लोकप्रिय कोर्स स्टेनोग्राफर का कोर्स माना जाता है। इस स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स करने के पश्चात सरकारी व निजी क्षेत्र में नौकरी उपलब्ध होने के चांस बहुत अधिक बढ़ जाते हैं। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात किसी भी पद पर नौकरी हासिल करने के चांस बढ़ जाते हैं। सरकारी विभाग में कई स्टेनोग्राफर के पद पर भर्ती निकाली जाती है। ऐसे में आप यदि आईटीआई कोर्स कर चुके हैं। तो आपको प्रायोरिटी के साथ स्टेनोग्राफर पद पर शामिल होने का मौका मिलेगा स्टेनोग्राफर आईटीआई कोर्स है। जिसे लड़के व लड़कियां दोनों करते हैं। लेकिन लड़कियों के लिए यह एक बेहतरीन सुनहरा अवसर माना जाता है। स्टेनोग्राफर का कोर्स करने के पश्चात आप अपने टाइपिंग स्पीड को बढ़ा सकते हैं और कंप्यूटर टाइपिंग स्पीड अच्छी होने पर हर जगह आप की डिमांड बढ़ जाएगी आज के समय में पूरी दुनिया कंप्यूटर पर ही आधारित है और हिंदी व अंग्रेजी टाइपिंग स्पीड अच्छी है। तो आपको सरकारी जॉब के साथ-साथ निजी क्षेत्रों में भी जॉब के अच्छे अवसर मिलने शुरू हो जाएंगे।

### इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग

आईटीआई का एक कोर्स जिसे मुख्य तौर पर लड़कियां अधिकतर चयन करती है। इस कोर्स के माध्यम से इंटीरियर डेकोरेशन और डिजाइनिंग के बारे में विशेष ज्ञान अर्जित करने का मौका मिलता है। लड़कियां इंटीरियर डिजाइन और इंटीरियर डेकोरेशन का काम कर अपने भविष्य के लिए रोजगार के कई सारे अवसर उपलब्ध खुद ही करवा सकते हैं। यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां पर दिन प्रतिदिन डिमांड बढ़ती जा रही है और हर जगह बिजनेस हो या घर आंतरिक सजावट और डिजाइनिंग के लिए इंटीरियर डिजाइनर को बुलाया जाता है। ऐसे में यदि आपके पास इंटीरियर डेकोरेशन की कला है और आपने आईटीआई कोर्स कर रखा है। तो आपके लिए जॉब के बेहतरीन अवसर आपके सामने उपलब्ध होंगे।

### हाउसकीपिंग

घर की देखभाल करने के लिए लड़कियां ऐसे भी माहिर होती है। लेकिन यदि हाउसकीपिंग जैसे आईटीआई कोर्स से लड़कियां ज्ञान अर्जित कर लेती है। तो उसके पश्चात घर की देखभाल में उन्हें और भी अधिक सहूलियत हो जाती है। सीधी भाषा में इसका मतलब यह हुआ कि घर की देखभाल करने के लिए जो आईटीआई कोर्स मौजूद है उसे हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स कहा जाता है। आईटीआई कोर्स के माध्यम से लड़कियां भविष्य में प्राइवेट सेक्टर में तो नौकरी हासिल कर सकती है। हाउसकीपिंग आईटीआई कोर्स करने के पश्चात आपको कहीं भी हाउस कीपर के तौर पर नौकरी मिल जाती है और इसकी सैलरी भी अच्छी मिलती है।

## नवयुवकों के लिए एक बेहतरीन करियर विकल्प बनकर उभरा

# तकनीक के क्षेत्र में रुचि है तो बनें एथिकल हैकर इंटरनेट को सुरक्षित बनाने में निभाएं अहम भूमिका

डॉ. मोहित बंसल
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



## डिजिटल सुरक्षा सबसे बड़ी प्राथमिकता

यदि आप तकनीक के क्षेत्र में रुचि रखते हैं और इंटरनेट की दुनिया को सुरक्षित बनाने की चाह रखते हैं, तो एथिकल हैकर बनना एक उत्कृष्ट करियर विकल्प हो सकता है। एथिकल हैकिंग वह विधा है, जिसमें आप कम्प्यूटर प्रणाली की कमजोरियों को खोजकर उन्हें सुरक्षित करने का कार्य करते हैं। यह पेशा आधुनिक युग में बेहद आवश्यक होता जा रहा है, क्योंकि डिजिटल सुरक्षा अब किसी भी देश, संस्था या व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी प्राथमिकता बन गई है। एथिकल हैकर को 'वाइट हैट हैकर' भी कहा जाता है, जो संगठनों की अनुमति से उनकी वेबसाइट, नेटवर्क और सॉफ़्टवेयर में संभावित खामियों को खोजता है। उनका उद्देश्य इन खामियों का दुरुपयोग नहीं, बल्कि उन्हें ठीक कराना होता है, ताकि कोई दुर्भावनापूर्ण हैकर (ब्लैक हैकर) इनका फ़ायदा न उठा सके। वे परीक्षण के माध्यम से साइबर प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हैं और डेटा की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं।






### प्रमुख शैक्षणिक संस्थान और पाठ्यक्रम

#### सरकारी संस्थान

1. भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी), कानपुर
   पाठ्यक्रमः साइबर सुरक्षा में स्नातकोत्तर डिप्लोमा
2. राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), तिरुचिरापल्ली
   पाठ्यक्रमः सूचना सुरक्षा में बी.टेक/एम.टेक
3. भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी), हैदराबाद
   पाठ्यक्रमः साइबर सिस्टम और नेटवर्किंग
4. इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू)
   पाठ्यक्रमः सूचना सुरक्षा में प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम

#### निजी संस्थान

1. वेबसेक लैब्स, बेंगलुरु
   पाठ्यक्रमः एथिकल हैकिंग और पेनिट्रेशन टेस्टिंग
2. अपग्रेड (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म)
   पाठ्यक्रमः साइबर सुरक्षा विशेषज्ञ कार्यक्रम
3. एमिटी यूनिवर्सिटी, नोएडा
   पाठ्यक्रमः बी.टेक इन साइबर लॉ एंड सिक्योरिटी
4. एरेना मल्टीमीडिया
   पाठ्यक्रमः नेटवर्क सुरक्षा और नैतिक हैकिंग में डिप्लोमा

#### वेतन प्रारंभिक स्तर

25,000 – 60,000 प्रति माह
वार्षिकः 3,00,000 – 7,20,000
मध्यम अनुभव (3–5 वर्ष):
80,000 – 1,50,000 प्रति माह
वार्षिकः 9,60,000 – 18,00,000

#### वरिष्ठ स्तर

20 लाख – 40 लाख प्रति वर्ष
1,66,667 – 3,33,333 प्रति माह (लगभग)

#### स्वतंत्र सलाहकार

प्रति प्रोजेक्टः 50,000 – 5,00,000
-यदि 12 प्रोजेक्ट साल में करें तो 6,00,000 – 60,00,000 वार्षिक (अनुमानित)

#### आवश्यक कौशल

⏭एक एथिकल हैकर को केवल तकनीकी ज्ञान ही नहीं, बल्कि तेज विश्लेषणात्मक सोच भी होनी चाहिए।
⏭उन्हें नेटवर्क सुरक्षा, एनक्रिप्शन, वायरस डिटेक्शन जैसे पहलुओं की गहरी समझ होनी चाहिए। संवाद
⏭कौशल और नैतिक जिम्मेदारी इस क्षेत्र में विशेष महत्त्व रखते हैं। उन्हें यह भी जानना होता है कि एक
⏭हमलावर कैसे सोच सकता है। तभी वे सिस्टम को उस स्तर पर सुरक्षित कर पाते हैं। लगातार अपडेट
⏭रहना और नई तकनीकों को सीखना इस पेशे में जरूरी है।
नेटवर्क सुरक्षा और फ़ायरवॉल की समझ
पेनिट्रेशन टेस्टिंग तकनीकें
मैलवेयर विश्लेषण और वायरस डिटेक्शन
प्रणाली और डेटा एनक्रिप्शन
रिपोर्ट लेखन और जोखिम मूल्यांकन

### प्रमुख कार्य क्षेत्र

**-बैंकिंग और वित्तीय संस्थाएं :** ग्राहकों की जानकारी की सुरक्षा
**-सरकारी एजेंसियां :** राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी सूचना संरचना की रक्षा
**-आईटी कंपनियां :** सॉफ़्टवेयर और ऐप की सुरक्षा जांच
**-ई-कॉमर्स प्लेटफ़ॉर्म :** ऑनलाइन भुगतान प्रणाली की निगरानी
**-स्वास्थ्य सेवाएं :** रोगियों के डिजिटल रिकॉर्ड की रक्षा
**-शैक्षणिक संस्थान :** छात्र डेटा और पोर्टल सुरक्षा

### शिक्षा और योग्यता

एथिकल हैकिंग में करियर बनाने के लिए तकनीकी पृष्ठभूमि बहुत ज़रूरी होती है। इसमें कंप्यूटर नेटवर्क, ऑपरेटिंग सिस्टम और प्रोग्रामिंग की समझ होना आवश्यक है। इसके अलावा, साइबर सुरक्षा से जुड़े विषयों की पढ़ाई भी आवश्यक है। छात्र बी.टेक, एम.टेक या डिप्लोमा जैसे पाठ्यक्रमों के माध्यम से इस क्षेत्र में प्रवेश कर सकते हैं। साथ ही, कुछ ऑनलाइन प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम भी उपलब्ध हैं। बहु-विषयक समझ और व्यावहारिक अनुभव इस क्षेत्र में सफलता की कुंजी हैं।

**-कंप्यूटर नेटवर्क और ऑपरेटिंग सिस्टम**
**- साइबर सुरक्षा और नैतिक हैकिंग**
**- क्रिप्टोग्राफी और सूचना सुरक्षा**
**- प्रोग्रामिंग भाषाएँ (जैसे: पायथन, सी, जावा)**
**- डेटा संरचना और एल्गोरिदम**

### रोज़गार के अवसर

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

⏭रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ)
⏭भारतीय साइबर सुरक्षा एजेंसी (सीईआरटी-इन)
⏭बैंकों और बीमा कंपनियाँ
⏭आईटी कंपनियाँ – टीसीएस, इंफोसिस, विप्रो
⏭विदेशी फर्म – गूगल इंडिया, अमेज़न, माइक्रोसॉफ्ट
⏭स्टार्टअप और फ्रीलांसिंग प्रोजेक्ट्स

### वेतन और संभावनाएं

एथिकल हैकर के लिए नौकरी के अनेक अवसर उपलब्ध हैं। सरकारी विभागों से लेकर निजी कंपनियाँ इनकी सेवाएं लेती हैं। रक्षा, बैंकिंग, आईटी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग बढ़ रही है। आज की दुनिया में डेटा सबसे बड़ा संसाधन बन चुका है। इसकी सुरक्षा एथिकल हैकर की प्राथमिक ज़िम्मेदारी होती है। वे स्वतंत्र सलाहकार, स्टार्टअप संस्थापक या फुल टाइम प्रोफेशनल के रूप में काम कर सकते हैं।

### करियर सलाहकार से लें सलाह

एथिकल हैकिंग एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल तकनीकी विशेषज्ञता, बल्कि ईमानदारी और ज़िम्मेदारी की भी मांग करता है। यदि आप डिजिटल दुनिया को सुरक्षित बनाने की दिशा में योगदान देना चाहते हैं, तो यह करियर न केवल चुनौतीपूर्ण बल्कि बेहद सम्मानजनक भी हो सकता है। किसी भी करियर का चुनाव करने से पहले किसी योग्य करियर सलाहकार से सलाह ज़रूर लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com**पर भी विज़िट कर सकते हैं।

# धैर्य और संयम अनमोल गुण, ये शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में करते मदद



मोटिवेशनल
डॉ. दिव्या तंवर

युद्ध के मैदान में सैनिकों को अक्सर ऐसी परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है, जहां धैर्य और संयम ही उनकी सबसे बड़ी ताकत बनते हैं। लंबी प्रतीक्षा, संसाधनों की कमी, अनिश्चितता, और कठिन मौसम जैसी चुनौतियां सैनिकों से धैर्यपूर्ण और संयमित रहने की मांग करती हैं। इसी तरह, छात्रों के जीवन में भी धैर्य और संयम अनमोल गुण हैं, जो उन्हें शैक्षिक और व्यक्तिगत विकास में मदद करते हैं। पढ़ाई के दौरान जटिल विषयों को समझने, लंबे समय तक लगातार मेहनत करने, या परीक्षा में अच्छे अंक न आने पर हार न मानने के लिए धैर्य की आवश्यकता होती है। युद्ध की ऐतिहासिक कहानियां, जैसे प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध, हमें सिखाती हैं कि जल्दबाजी में लिए गए फैसले अक्सर विनाशकारी साबित होते हैं, जबकि संयम के साथ सही समय पर उठाए गए कदम जीत की ओर ले जाते हैं।

## धैर्यपूर्वक अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल

उदाहरण के लिए, सन त्ज़ु की पुस्तक 'द आर्ट ऑफ वॉर' में बताया गया है कि धैर्यपूर्वक सही अवसर का इंतजार करना रणनीति का मूल आधार है। छात्रों को भी इस सिद्धांत को अपनाना चाहिए। जब वे किसी कठिन अध्याय को समझने में समय लेते हैं या असफलता के बाद दोबारा प्रयास करते हैं, तो धैर्य उन्हें निराशा से बचाता है और आत्मविश्वास प्रदान करता है। इसके अलावा, संयमित व्यवहार उन्हें तनावपूर्ण परिस्थितियों में शांत रहने और सोच-समझकर निर्णय लेने की क्षमता देता है। उदाहरण के तौर पर, यदि कोई छात्र परीक्षा की तैयारी में पिछड़ रहा है, तो संयम के साथ समय प्रबंधन और लगातार छोटे-छोटे प्रयास उसे सफलता की ओर ले जा सकते हैं। युद्ध के सबक हमें यह भी सिखाते हैं कि धैर्य और संयम न केवल व्यक्तिगत लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करते हैं, बल्कि दूसरों के साथ बेहतर संबंध बनाने में भी सहायक हैं। स्कूल में सहपाठियों के साथ छोटे-मोटे विवादों को सुलझाने या शिक्षकों की सलाह को ध्यान से सुनने में संयम का उपयोग करना छात्रों को एक जिम्मेदार और परिपक्व व्यक्तित्व प्रदान करता है। इस प्रकार, धैर्य और संयम को अपनाकर छात्र न केवल अपनी शैक्षिक यात्रा में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, बल्कि जीवन की हर चुनौती को आत्मविश्वास और शांति के साथ पार कर सकते हैं। युद्ध से मिला यह सबक हमें याद दिलाता है कि कठिनाइयों में धैर्य बनाए रखना और संयमित दृष्टिकोण अपनाना ही सच्ची जीत का मार्ग है।

## योजना बनाना जरूरी

**रणनीति और नियोजन की कला :** युद्ध में सफलता के लिए सटीक रणनीति और नियोजन जरूरी है। प्राचीन ग्रंथ 'द आर्ट ऑफ वॉर' में सन त्ज़ु ने बताया कि किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पहले उसकी योजना बनानी चाहिए।

**धैर्य और संयम :** युद्ध में सैनिकों को कठिन परिस्थितियों में धैर्य बनाए रखना पड़ता है। यह गुण छात्रों के लिए भी महत्वपूर्ण है। परीक्षा की तैयारी, असफलता या मुश्किल समय में धैर्य और संयम से काम लेना उन्हें मजबूत बनाता है।

**साहस और दृढ़ता :** युद्ध में सैनिक असंभव लगने वाली परिस्थितियों में भी हार नहीं मानते। छात्रों को भी अपने जीवन में साहस दिखाना चाहिए। चाहे वह नई चीजें सीखना हो, असफलता से उबरना हो या चुनौतियों का सामना करना हो, दृढ़ता और साहस उन्हें आगे बढ़ने में मदद करते हैं।

**टीमवर्क और नेतृत्व :** युद्ध में कोई भी सेना अकेले नहीं लड़ती; यह सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है। छात्रों को भी समूह में काम करने का महत्व समझना चाहिए। स्कूल प्रोजेक्ट्स, खेल या अन्य गतिविधियों में एकजुट होकर काम करने से न केवल सफलता मिलती है, बल्कि नेतृत्व के गुण भी विकसित होते हैं। युद्ध के उदाहरणों से सीखें कि एक अच्छा नेता कैसे अपनी टीम को प्रेरित करता है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** गोबर पर उगने वाले कवक कहलाते हैं
(ए) साक्सीकोलस
(बी) टेरीकोल्स
(सी) कोर्टीकोल्स
(डी) कोप्रोफिलस

**2.** निम्न में से किसमें क्लोरोफिल नहीं होता है ?
(ए) शैवाल
(बी) ब्रायोफाईटस
(सी) टैरोडोफाईटस
(डी) कवक

**3.** आलू का लेट ब्लाईट उत्पन्न होता है -
(ए) एल्बयूगो कैंडीडा द्वारा
(बी) फ्यूजेरियम मोनिलीफार्म द्वारा
(सी) फाइटोप्थोरा इन्फेस्टेंस द्वारा
(डी) आल्टनेरिया सोलेनाई द्वारा

**4.** डबल रोटी के निर्माण में काम आने वाला कवक है -
(ए) राईजोफस स्टोलनिफर
(बी) जाइगो सैकरोमाइसीज
(सी) सैकरोमाईसीज सेरेवीसी
(डी) सैकरोमाईकोडिस

**5.** पेनीसीलीयम क्या है ?
(ए) विषाणु
(बी) शैवाल
(सी) कवक
(डी) जीवाणु

**6.** पेनिसिलिन की खोज किसने की थी ?
(ए) चार्ल्स गुडईयर
(बी) माइकल फैराडे
(सी) एलेक्जेंडर फ्लेमिंग
(डी) विलियम हार्वे

**7.** अर्गोट (**Ergot**) प्राप्त होता है।
(ए) राईजोबियम से
(बी) क्लेवीसेप्स से
(सी) फाइटोमोनौस से
(डी) एलब्युगो से

**8.** औद्योगिक स्तर पर पेनिसिलिन प्राप्त किससे किया जाता है ?
(ए) पेनिसिलियम एक्सपेन्स्म से
(बी) पेनिसीलियम क्राईसोजेनम से
(सी) पेनीसीलीयम नोटेटम से
(डी) पेनीसीलियम क्लेवीफॉर्म से

**9.** यीस्ट में कायिक जनन होता है -
(ए) मुकुलन द्वारा
(बी) एकाईनिटस द्वारा
(सी) एप्लाजोस्पोर्स द्वारा
(डी) एस्कोस्पोर्स द्वारा

उत्तर 1.(डी) 2.(डी) 3.(सी) 4.(सी) 5.(सी) 6.(सी) 7.(बी) 8.(बी) 9.(ए)

## खबर संक्षेप

### जेसीडी विद्यापीठ में प्रतिभा सम्मान समारोह आज

**सिरसा।** जेसीडी विद्यापीठ द्वारा 12वीं कक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन 24 मई को किया जा रहा है। इस विशेष कार्यक्रम में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा, जिन्होंने इनके शैक्षणिक विकास में भूमिका निभाई।

### बाल भवन में निशुल्क समर कैंप दो जून से

**सिरसा।** जिला बाल कल्याण परिषद द्वारा स्थानीय बाल भवन में दो जून से समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह आगामी एक जुलाई तक निःशुल्क आयोजित किया जाएगा, जिसमें बच्चे, व्यस्क लड़कियां और महिलाएं ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विभिन्न रचनात्मक और कौशल विकास गतिविधियों में भाग ले सकेंगी।

### स्नातक ऑनलाइन प्रवेश पत्र 9 जून तक जमा होंगे

**सिरसा।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं के प्रथम सत्र में प्रवेशपत्र जमा करवाए जाने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। प्राचार्य डॉ. हरजिंद्र सिंह ने बताया कि बीती 19 मई से शुरू हुई इस ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि 9 जून निर्धारित की गई है। प्रथम मेरिट लिस्ट 18 जून को जारी होगी।

### जिला क्रिकेट एसोसिएशन ने जताया हर्ष

**सिरसा।** क्रिकेट एसोसिएशन के जिला सचिव डॉ. वेद बेनीवाल ने भारतीय अंडर-19 क्रिकेट टीम का हिस्सा घोषित किए गए हैं। डॉ. वेद बेनीवाल ने बताया कि सिरसा जिले के इस होनहार खिलाड़ी का भारतीय अंडर-19 आयु वर्ग में चयन होना न पूरे हरियाणा के लिए गर्व का विषय है। चयनित होने पर सचिव डॉ. वेद बेनीवाल के आवास पर पहुंचे जहां कनिष्क व प्रशिक्षक को लड्डू खिला बधाई दी।

### अवैध पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया

**सिरसा।** स्पेशल स्टाफ डबवाली की टीम ने गश्त के दौरान गांव डोगरा वाली क्षेत्र से एक व्यक्ति को अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस सहित काबू किया है। स्पेशल स्टाफ डबवाली प्रभारी पीएसआई अरविंद कुमार ने सूचना के बाद कमाल की ओर से पैदल आते व्यक्ति की शक के आधार पर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक अवैध पिस्तौल व दो जिंदा कारतूस बरामद हुए।

### दुकान में चीनी की बोरियां चोरी, एक आरोपी पकड़ा

**फतेहाबाद।** टोहाना में एक युवक ने दुकान से कई बोरी चीनी चोरी कर ली। इस मामले में टोहाना पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान विक्रम के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से चुराये गई चीनी के 4 बैग बरामद कर लिए है।

### गोरखपुर में चोरी मामले में एक युवक गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** भूना पुलिस ने गांव गोरखपुर में हुई चोरी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान संदीप उर्फ लाधु पुत्र सतबीर सिंह निवासी गोरखपुर के रूप में हुई है। थाना भूना प्रभारी इंस्पैक्टर सुरेन्द्रा ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 17 मई को गोरखपुर निवासी बुधनाथ की शिकायत पर केस दर्ज किया था।

### ओढ़ा में ब्लॉक स्तरीय बैंकर समिति की बैठक

**ओढ़ा।** खंड स्तरीय बैंकर समिति की बैठक शुक्रवार को वित्तीय साक्षरता केन्द्र ओढ़ा में हुई। बैठक में संजीव गर्ग एल.डी.एम. सिरसा, जितेश वधवा संयोजक सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक ओढ़ा, सुभाष अरोड़ा वित्तीय साक्षरता सलाहकार, अरोह फाउंडेशन से वित्तीय सलाहकार सुनील कुमार, कौशल कुमार व ब्लॉक के सभी सरकारी व गैर सरकारी बैंको के प्रबंधकों ने भाग लिया।

## सैनिकों के सम्मान में निकाली गई भव्य तिरंगा यात्रा

# नागपुर में हाथों में तिरंगा लिए लोगों ने सेना के शौर्य को किया सलाम

यात्रा गांव के पंचायत घर से शुरू हुई और मुख्य स्थानों से होते हुए बस स्टैंड पर समापन हुआ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सेना के द्वारा किए गए शौर्य प्रदर्शन के सम्मान में भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा की अगुवाई में जिलेभर में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को गांव नागपुर में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह यात्रा गांव के पंचायत घर से शुरू हुई और मुख्य स्थानों से होते हुए बस स्टैण्ड पर समापन हुआ। नागपुर मंडल अध्यक्ष संदीप तनेजा की अध्यक्षता में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में मुख्यअतिथि के तौर पर चेयरमैन भारतभूषण मिढ़ा ने भाग लिया। विशेष तौर पर बीजेपी के पूर्व जिलाध्यक्ष बलदेव ग्रोहा, राकेश भाम्भू, चेयरमैन नरेश तनेजा टीटू व पूर्व मंडल अध्यक्ष निर्मल सिंह भी मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा को लेकर गांववासियों में भी काफी उत्साह नजर आया। हाथों में तिरंगा थामे भाजपा कार्यकर्ताओं और ग्रामीणों ने भारत माता की जय और वंदे मातरम् जैसे गगनभेदी नारों के साथ शहीदों को नमन किया।

तिरंगा यात्रा के दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज वैश्विक मंच पर एक सशक्त और आत्मनिर्भर राष्ट्र के रूप में स्थापित हो चुका है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत ने न केवल वीरता का प्रदर्शन किया बल्कि स्पष्ट संदेश दिया कि नया भारत आतंकवाद का जवाब उसी की भाषा में देने में सक्षम है। चेयरमैन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तानियों के विरुद्ध जो कार्य किया, उस पर हर भारतीय को गर्व है। विशेषकर भारतीय सेना ने आतंकवादी ठिकाने को जो ध्वस्त किया, उसे पाकिस्तान हमेशा याद रखेगा और भविष्य में सिर उठाने से पहले सौ बार सोचेगा। इस तिरंगा यात्रा में बीजेपी नागपुर मंडल के सभी पदाधिकारियों, महामंत्री, विभिन्न गांवों के सरपंचों, ब्लाक समिति व जिला परिषद सदस्यों के अलावा सैंकड़ों गांववासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



**फतेहाबाद।** गांव नागपुर में निकाली गई तिरंगा यात्रा की अगुवाई करते भाजपा नेता। *फोटो : हरिभूमि*


**फतेहाबाद।** गांव भिरड़ाना में तिरंगा यात्रा निकालते बीजेपी कार्यकर्ता व गांववासी।

### भिरड़ाना में निकाली तिरंगा यात्रा, भारतीय सेना के शौर्य को किया सैल्यूट

**फतेहाबाद।** पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों पर भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिन्दूर' के तहत की गई एयर स्ट्राइक ने पाकिस्तान को घुटनों पर लाने का काम किया है। ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के पराक्रम को सम्मान देने के लिए भारतीय जनता पार्टी भिरड़ाना मंडल के कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को गांव भिरड़ाना में तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूरा गांव भारत माता की जय, वंदे मातरम, भारतीय सेना जिंदाबाद के जयकारों से गूंज उठा। भिरड़ाना मंडल अध्यक्ष संदीप भोडिया की अध्यक्षता में निकाली गई इस तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आम लोगों ने भी बढ़चढ़ कर भाग लिया और देश के सुरक्षा में सरहदों पर डटे वीर जवानों को सलाम किया। तिरंगा यात्रा में विशेष तौर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष जगदीश शर्मा, वरिष्ठ नेता अवतार मोंगा, पंचनद के पूर्व प्रधान राधाकिशन नारंग, लायक राम गढ़वाल, गुरमीत बाजीगर, धनंजय अग्रवाल, अनिल सरपंच, गोपी राम सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। भाजपा नेताओं ने कहा कि इतिहास में पहली बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में परमाणु हथियार संपन्न देश पर ऐसी कठोर कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिन्दूर के दौरान भारतीय वायु सेना के कार्रवाई से पाकिस्तान के लगभग प्रत्येक शहर के आतंकी ठिकानों और उनके एयर बेस को ध्वस्त किया गया।


**फतेहाबाद।** एमपी रोही में अव्वल रही छात्राओं को सम्मानित करते प्राचार्य व अन्य अतिथिगण। **फोटो : हरिभूमि**

## मोहम्मदपुर रोही में नई एसएमसी का गठन

**फतेहाबाद।** गांव मोहम्मदपुर रोही स्थित राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यामिक विद्यालय में आज नई एसएमसी का गठन किया गया। इस अवसर पर गांव के विद्यार्थियों के करीब 125 अभिभावक मौजूद थे। बैठक में सर्वसम्मति से सुभाष को एसएमसी का प्रधान व मन्जुला को उपप्रधान चुना गया। इसके अलावा विद्यालय में आज 10वीं व 12वीं की छात्राओं के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 10वीं व 12वीं में शानदार प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। 12वीं में विद्यालय व खंड स्तर पर प्रथम स्थान हासिल करने वाली छात्रा खुशी, दूसरे स्थान पर रही सीमा, तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले मुस्कान तथा 10वीं बोर्ड परीक्षा में विद्यालय में प्रथम, द्वितीय व तृतीय रही छात्राओं पलक, अनुराधा व मोनिका को विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। प्राचार्य व शिक्षाविद् भगवान दत्त की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में विशेष तौर पर पहुंचे तहसीलदार आदमपुर रामनिवास भादू ने इन छात्राओं को 1100-1100 रुपये ईनाम में दिए। इस अवसर पर वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. ओमप्रकाश कादयान, सरपंच रामेश्वर दास, मुकेश गोदारा, सुनील राइका मैनेजर पीएनबी, अनिल कसाना एनजीओ प्रयत्न हिसार, जीके बाय प्रदीप सर, राम सिंह बिश्नोई वृक्षमित्र, नरसी राम गोदारा, अमित मान्जू, गोपाल, रमेश ढाका, गिरधारी लाल शर्मा खजूरी, एमएससी के पूर्व प्रधान कालूराम भी मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### सेल्फ डिफेंस कैंप, 42 सैनिक छात्राओं ने भाग लिया

**फतेहाबाद।** सैनिक स्कूल, खारा-खेड़ी में सैनिक छात्राओं के लिए सेल्फ डिफेंस कैंप का आयोजन किया गया। इसमें ताइक्वांडो ब्लैक बेल्ट एवं इंडिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर सेल्फ डिफेंस कोच रोहतास ने बच्चों को ट्रेनिंग दी। स्वयं रक्षा का विचार किसी भी समाज के लिए महत्वपूर्ण है। चेयरमैन डॉ युद्धवीर सिंह ने कहा कि सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग युवाओं में आत्मविश्वास को बढ़ाती है। इस ट्रेनिंग के बाद बच्चे अपनी रक्षा खुद करने में सक्षम हो जाते हैं। किसी भी ऐसी परिस्थिति से निपटने में वे सक्षम हो जाते हैं। उन्होंने बताया कि सेल्फ डिफेंस में ऐसी तकनीके हैं जो पल भर में सामने वाले को धराशाही कर सकते हैं। ट्रेनिंग के दौरान बच्चों को चेस्ट डैमेज, बैकबोन डैमेजेस, लिगामेंट डैमेज, ब्रेन अटैक, गर्दन पर वार करना आदि की तकनीकें सिखाई गई।



### अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर रखें निगरानी: एडीसी

**सिरसा।** अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन ने कहा कि पिछले पांच साल में जिन नशा मुक्ति केंद्रों के लाइसेंस रद्द किए गए हैं, उनकी निगरानी रखी जाए। इसके साथ ही बिना लाइसेंस चल रहे केंद्रों की जिला स्तरीय कमेटी जांच करें। अतिरिक्त उपायुक्त शुक्रवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नशा मुक्ति की दिशा में किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को नशा मुक्ति अभियान में जिम्मेवारी से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने को कहा। नशा मुक्त समाज के निर्माण में सभी का सहयोग बहुत जरूरी है। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि नशा मुक्ति केंद्र की आड़ में गलत कार्य करने वालों के खिलाफ सख्ती बरती जाए। शहर व गांव में नशा मुक्ति केंद्र की दीवारों या अन्य होर्डिंग इत्यादि पर लिखे नंबरों पर संपर्क कर उनकी जांच की जाए। यदि कोई गलत कार्य करता है तो पुलिस उनके खिलाफ कार्रवाई करें।

### आरोही स्कूल झिड़ी ने जिला का नाम किया रोशन: दहिया

**सिरसा।** प्रदेश के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा की अध्यक्षता में हुई समीक्षा बैठक में वार्षिक परीक्षाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले दस श्रेष्ठ विद्यालयों को सम्मानित किया गया। इस समीक्षा बैठक में जिला सिरसा की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी वेद दहिया, खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा नी दीपा व आरोही स्कूल झिड़ी के मुखिया प्रदीप कुमार शामिल हुए। समीक्षा बैठक में शिक्षा मंत्री ने आरोही मॉडल स्कूल झिड़ी व स्कूल के सभी स्टाफ सदस्यों की विशेष रूप से सराहना की। उन्होंने आगामी स्वतंत्रता दिवस पर स्कूल के प्रत्येक अध्यापक 11 हजार रूपए पुरस्कार देने की घोषणा की। आरोही मॉडल स्कूल, झिड़ी प्रदेश का यह सम्मान प्राप्त करने वाला एकमात्र विद्यालय है। जिला शिक्षा अधिकारी वेद दहिया ने स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। खंड शिक्षा अधिकारी मनीषा नी दीपा व सरपंच लखविंद्र सिंह ने समस्त स्टाफ व विद्यार्थियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

### अरोड़वंश महासभा के पदाधिकारियों का किया स्वागत

**फतेहाबाद।** अरोड़वंश महासभा के चुनाव में नवनिर्वाचित प्रधान आजाद सचदेवा व उनकी टीम भूना रोड स्थित बीजेपी के जिला कार्यालय में पहुंची। यहां बीजेपी के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने नवनिर्वाचित प्रधान आजाद सचदेवा व उनकी टीम का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा ने आजाद सचदेवा को मुंह मीठा करवाकर प्रधान निर्वाचित होने की बधाई व शुभकामनाएं दीं। आजाद सचदेवा ने जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा का धन्यवाद किया। इस अवसर पर नरेश सचदेवा, केके अरोड़ा, मोहरी राम ग्रोवर, गुलशन मोंगा, गुलशन सेठी, हरप्रीत सिंह ग्रोवर के अलावा भाजपा नेता जगदीश शर्मा, सविता टुटेजा, विकास शर्मा, बनवारी लाल गहलोत, रामकुमार मेहरा, अनिल सिहाग, सुभाष साहू, शम्मी ढिंगड़ा, जगदीश नायक, सुल्तान नायक, राजकुमार सुरा, नायब सिंघीकाट, दलीप सचदेवा, आर्यन ग्रोवर, सुभाष चंढोरा, नविश सचेदवा, इन्द्र बतरा, विक्की मराठी मौजूद रहे।

### बाइक चोरी के मामले में तीन आरोपियों को भेजा जेल

**फतेहाबाद।** अपराध मुक्त अभियान के अंतर्गत, फतेहाबाद पुलिस ने बाइक चोरी के एक मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने में सफलता प्राप्त की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान रवि पुत्र चानी सिंह निवासी हंसपुर, मनदीप सिंह पुत्र सुख सिंह निवासी हंसपुर तथा आकाशदीप सिंह पुत्र सुरजीत सिंह निवासी झंडा कला के रूप में हुई है। आरोपियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के उपरांत जेल भेज दिया गया है। थाना शहर फतेहाबाद के प्रभारी उप-निरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि इस संबंध में 12 जुलाई 2024 को लक्ष्य निवासी लाजपत नगर, फतेहाबाद की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, उसने अपनी बाइक फतेहाबाद बस स्टैंड पर खड़ी की थी, लेकिन लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बाइक चोरी कर ली गई थी।

### स्कूलों में संस्कार कक्षाएं लगवाए प्रशासन: केडिया

**सिरसा।** श्री सनातन धर्म सभा के कार्यकारी प्रधान नवीन केडिया ने जिला प्रशासन से सरकारी विद्यालयों में संस्कार कक्षाएं लगवाए जाने की मांग की है। इन कक्षाओं में वैदिक शिक्षा प्राप्त शिक्षकों से बच्चों को संस्कारित किए जाने की जरूरत पर भी उन्होंने बल दिया। केडिया ने जारी बयान में कहा कि पुराने समय में गुरूकुल संस्कृति के तहत विद्यार्थियों को शिक्षित किया जाता था जिसमें उनमें सदाचार, संयम, सहकार, संस्कार और समन्वय की भावना विकसित की जाती थी। आज बदलते दौर में जब बच्चे इंटरनेट और टीवी की दुनिया में खोए हुए हैं और संस्कारों से हट रहे हैं, ऐसे में समय की जरूरत है कि उनमें पुनः संस्कारों के बीज बोए जाएं। गांव भंभूर के एक स्कूल की घटना को उद्धृत करते हुए केडिया ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक की पिटाई एक गंभीर विषय है जो समाज में बढ़ रही अपसंस्कृति को इंगित करता है।

### ई-श्रम पोर्टल पर 30 मई तक करवाएं पंजीकरण

**सिरसा।** सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म श्रमिकों जैसे डिलीवरी बॉय, ऑनलाइन सर्विस प्रोवाइडर, राइड शेयरिंग सर्विस, लॉजिस्टिक कर्मी, ई-मार्केट और प्रोफेशनल सर्विस प्रोवाइडर, हेल्थकेयर, ट्रैवल व हॉस्पिटैलिटी कर्मचारी, कंटेंट व मीडिया सर्विस तथा अन्य डिजिटल सेवाओं से जुड़े श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण हेतु 30 मई तक विशेष पंजीकरण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सिरसा जिले में इन श्रमिकों का पंजीकरण किया जा रहा है। भारत सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का विस्तार इन सभी प्लेटफार्म वर्कर तक करने की घोषणा की है, जो ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं और जिनके पास वैध ई-श्रम कार्ड है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने इन श्रमिकों को सशक्त बनाने और उनकी सामाजिक सुरक्षा कवरेज सुनिश्चित करने की घोषणा की है।

## नशे की ओवरडोज देकर हत्या मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार किया

**फतेहाबाद।** नशे की अधिक मात्रा देकर एक युवक की हत्या करने के मामले में रतिया पुलिस ने तीसरे आरोपी सुरजीत को भी काबू कर जेल भेज दिया है। इससे पहले पुलिस दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। अब तक गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान सुखदर्शन सिंह उर्फ सुखचरण सिंह उर्फ टिड्डा, लक्खा सिंह पुत्र मेजर सिंह, निवासी पिलछिया तथा सुरजीत सिंह पुत्र जगीर सिंह, निवासी मिराणा के रूप में हुई है। थाना सदर रतिया प्रभारी एसआई राजबीर सिंह ने बताया कि यह मामला 19 मई को रमनदीप कौर पत्नी हरदेव सिंह, निवासी पिलछिया की शिकायत पर दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार, 18 मई को सुखचरण सिंह और लक्खा बाइक पर सवार होकर उसके पति हरदेव सिंह को मिराणा गांव ले गए थे। 19 मई की सुबह नहर पटड़ियों के पास एक शव मिलने की सूचना मिली, जिसकी पहचान हरदेव के रूप में हुई थी।


**रतिया।** पुलिस गिरफ्त में तीसरा आरोपी सुरजीत।

## गांजा सहित पकड़ी महिला का पति भी गिरफ्तार

**फतेहाबाद।** जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशामुक्त अभियान के तहत गांजा सहित पकड़ी गई महिला के पति को भी गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए युवक की पहचान मंगत राम पुत्र मिलखा राम निवासी माजरा, फतेहाबाद के रूप में हुई है। थाना सदर फतेहाबाद प्रभारी इंस्पैक्टर कुलदीप ने बताया कि पुलिस ने 4 मई को कमला पत्नी मंगत निवासी माजरा को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। पुलिस को सूचना मिली कि कमला व उसका पति मंगत पुत्र मिलखी राम निवासी माजरा दोनों गांजा बेचने का काम करते हैं। इस सूचना पर इस पर पुलिस ने महिला को गिरफ्तार किया।

## फतेहाबाद के आदित्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स में जीता कांस्य पदक

- कॉलोनी वासियों ने फूल मालाओं से आदित्य का स्वागत किया

**फतेहाबाद।** अग्रवाल कॉलोनी फतेहाबाद में रहने वाले आदित्य ने खेलो इंडिया यूथ गेम्स जो कि 10 मई से 14 गई तक पटना बिहार में बाक्सिंग में कांस्य पदक जीतकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदित्य के साथ साई हिसार के कोच राजेश के फतेहाबाद पहुंचने पर कॉलोनी वासियों ने लाल बत्ती चौक से कॉलोनी तक फूल मालाओं, ढोल नगाड़े व डीजे के बजाकर आदित्य व उसके कोच का जोरदार स्वागत किया। आदित्य बाक्सर के पिता नरेंद्र मास्टर ने बताया कि बेटा द्रोणाचार्य बॉक्सिंग क्लब फतेहाबाद से प्रशिक्षण ले रहा है। यहां पर प्रदीप कोच से प्रशिक्षण लेते हुए अनेक बार जिला, राज्य व नैशनल स्तर पर पदक जीते हैं। जिसमें डीएवी स्कूल नेशनल में दो बार गोल्ड व ब्रॉंज, सीबीएसई महेंद्रगढ़ में गोल्ड तथा अभी दिल्ली में हुई स्कूली 68वीं एसजीएफआई नेशनल में कांस्य पदक भी जीता है।


**फतेहाबाद।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स में पदक जीतकर लौटे आदित्य का स्वागत करते शहरवासी।

### सीडीएलयू प्रो. को वैश्विक शीर्ष विद्वानों में स्थान

**सिरसा।** चौधरी देवी लाल विश्वविद्यालय, सिरसा के जैव प्रौद्योगिकी विभाग के प्रो. राजकुमार सलार को स्कॉलर जीपीएस द्वारा जारी नवीनतम रैंकिंग में विश्व के शीर्ष शोधकर्ताओं में स्थान प्राप्त हुआ है। प्रो. सालार ने वैश्विक स्तर पर शीर्ष 2.74 प्रतिशत विद्वानों में स्थान प्राप्त किया है। उन्हें कृषि और प्राकृतिक संसाधन क्षेत्र में 2.86 प्रतिशत और कृषि जैव प्रौद्योगिकी के विशेष क्षेत्र में 0.7 प्रतिशत की उत्कृष्ट रैंकिंग प्राप्त हुई है। स्कॉलर जीपीएस विश्वभर के 120,000 से संस्थानों से जुड़े 3 करोड़ से अधिक विद्वानों का मूल्यांकन करता है। रैंकिंग विद्वानों की अनुसंधान उत्पादकता, प्रभाव व प्रकाशनों की गुणवत्ता के आधार पर की जाती है।

## सड़क सुरक्षा पर फोकस करें अधिकारी

- जिला सड़क सुरक्षा समिति के तहत बैठक में बोले उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

उपायुक्त शांतनु शर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में जिला सडक़ सुरक्षा समिति तथा सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में उपायुक्त ने संबंधित विभागों को सडक़ सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा करते हुए समय पर एटीआर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने सडक़ सुरक्षा से संबंधित कार्यों की समीक्षा की और यातायात नियमों की प्रभावी रूप से पालना करवाने के लिए दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त लक्षित सरीन सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि ऐसे पेड़ व बिजली के पोल जो सडक़ दुर्घटना का कारण बनने का अंदेशा हो उन्हें हटाया जाए, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ब्लिंकर व साइनेज की प्रॉपर तरीके से व्यवस्था हो। उन्होंने टोल प्लाजा के पास मूलभूत सुविधाएं व एंबुलेंस व्यवस्था जैसे विषयों पर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि जिला में सडक़ों पर जहां मार्किंग की आवश्यकता है वहां पर मार्किंग करवाएं ताकि इस कारण सडक़ हादसे न हो।


**सिरसा।** अधिकारियों की बैठक लेते उपायुक्त शांतनु शर्मा। **फोटो : हरिभूमि**

### ब्लैकमेल करने का आरोपी पकड़ा गया

**फतेहाबाद।** साइबर ठगों की धरपकड़ करते हुए फतेहाबाद पुलिस ने बिजली निगम में तैनात एक एएलएम को व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल करके रिकार्ड करने और फिर ब्लैकमेल करने के मामले में राजस्थान से एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक की पहचान मौसम निवासी दादर, अलवर राजस्थान के रूप में हुई है। थाना सदर प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि इस बारे पुलिस ने 19 जून 2024 को गांव मल्हड़ निवासी जनवीर की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। 12 जून को उसके फोन पर एक ववीडियो कॉल आई। उसने कॉल अटैंड कर ली। आरोप है कि इस दौरान वीडियो रिकार्ड कर ली और लैकमेल किया जाने लगा।

**मुहिम** 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत स्वयं सहायता समूह की बैठक

# पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के साथ ही मां के प्रति प्यार को समर्पित अभियान

अभियान का नाम स्वयं सेवकों द्वारा लगाए पेड़ों से भावनात्मक जुड़ाव पैदा करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

'एक पेड़ माँ के नाम' योजना केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण योजना है जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के साथ ही मां के प्रति प्यार को समर्पण है। इस योजना के तहत शुक्रवार को रतिया खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में बुजुर्ग महिला बलजिंदर कौर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किया गया। पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के तहत आयोजित बैठक में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने भी भग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कनिष्ठ अभियंता छोटूराम व जनस्वास्थ्य विभाग के जिला सलाहाकार शर्मा चंद लाली ने कहा कि वृक्षारोपण का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की सुरक्षा है बल्कि एक पेड़ माँ के नाम से ही प्रतीत होता है कि यह समाज को अपने परिवार की धुरी यानि मां को समर्पित है। अभियान का यह नाम स्वयं सेवकों द्वारा लगाए गए पेड़ों से भावनात्मक जुड़ाव पैदा करेगा जिससे की संबंधित लोग पेड़ों की सेवा और ज्यादा मन से करेंगे। शर्मा चंद लाली ने कहा कि केंद्र सरकार की पहल पर हरियाणा में जन स्वास्थ्य विभाग व राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन साझा प्रयास करते हुए जल्द ही वृक्षारोपण अभियान चलाने जा रहा है। इसके लिए सबसे पहले भारत सरकार के मेरा भारत पोर्टल पर शहरी क्षेत्र की सामुदायिक जगहों को चुनते हुए रजिस्टर्ड किया गया है। इसमें प्रमुखता से जल स्त्रोत के पास की खाली जमीन जैसे जल घर, पार्क, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को शामिल किया गया है। पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट की तकनीकी विंग के साथ साथ जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के नोडल ऑफिसर व स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को शामिल किया गया है।



**रतिया।** स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित करते विभाग के अधिकारी।

# शनि प्रदोष व्रत आज, भगवान शिव व शनिदेव की पूजा रहेगी फलदायी


*मनोकामना होगी पूर्ण ग्रहों की शांति के लिए मिठाई का भोग लगाएं, काले तिल मिलाकर पीपल के वृक्ष में पानी दें, शनि देव और शिव भगवान की पूजा अर्चना से होंगे कष्ट दूर*

- शिव पुराण में भी शनि प्रदोष व्रत की महिमा का वर्णन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सनातन धर्म में व्रत करने की खूब मान्यता है। ऐसे में ज्येष्ठ मास के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि को शनि प्रदोष व्रत भी होता है। जो इस बार 24 मई यानी शनिवार को है। शनि प्रदोष व्रत भगवान शिव और शनिदेव को समर्पित होता है। व्रत करने से उनकी कृपा होती है। इस दिन कई शुभ योग भी बन रहे। शहर के प्रमुख ज्योतिषाचार्य पंडित राजेश शर्मा के अनुसार इस दिन कुछ खास उपाय करने से जीवन के हर क्षेत्र में लाभ मिलता है। उन्होंने बताया कि शनि भगवान को समर्पित प्रदोष व्रत की तिथि जब शनिवार को पड़ती है तो वह शनि प्रदोष व्रत कहलाता है। शिव पुराण में भी शनि प्रदोष व्रत की महिमा का वर्णन किया है।

### व्रतधारी करें पीपल के वृक्ष की परिक्रमा



पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि व्रतधारी को इस दिन शिव के चरणों में जाना चाहिए। इस दिन स्नान करने के बाद गंगाजल में काले तिल मिलाकर पीपल के वृक्ष को अर्थ देना चाहिए। मिठाई का भोग लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस दिन पीपल के वृक्ष की परिक्रमा करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती है। शनि प्रदोष व्रत में भगवान शिव का विधि-विधान से पूजन होता है। शिवलिंग का भी तिल के तेल से अभिषेक करने अच्छा माना जाता है। पंडित राजेश शर्मा के अनुसार शनिदेव भगवान की भी इसी तरह से पूजना करनी चाहिए। माना जाता है कि शनि प्रदोष व्रत के दिन शनिदेव और भगवान शिव की पूजा करने से सभी दुख दूर होते हैं।

### शिवलिंग पर दूध, चंदन और बेल पत्र करें अर्पित

पंडित राजेश शर्मा ने बताया कि राहू, केतू, मंगल मंगल और शनि राशि क्रूर गृह हैं। यदि ये जन्मकुंडली में अनुकूल नहीं है, या इनके अंश कम है या त्रिक भाव में बैठे हैं या दाम्पत्य सुख में त्रुटि आ रही हो तो इनकी दृष्टियों के दोष ज्यादा खतरनाक होते हैं। इसलिए इन दृष्टियों के दोष का निवारण करने के लिए शनि प्रदोष व्रत करना चाहिए। इस प्रदोष व्रत में सूर्यास्त से 72 घंटे पहले और 72 घंटे बाद शिव की आराधना करनी चाहिए। सुबह मंदिर में शिव भगवान को दूध, बेल पत्र और चंदन चढ़ाना चाहिए। सात्विक भोजन करना चाहिए। तभी इन ग्रहों के दोष का शांति मिलती है।

## खबर संक्षेप

### 30 को मनाई जाएगी अरूट जयंती

**सिरसा।** अरोड़वंश सभा द्वारा हर वर्ष की भांति इस बार भी अरूट महाराज की जयंती आगामी 30 मई को अरोड़वंश चौक पर धूमधाम से मनाई जाएगी। अरोड़वंश सभा सिरसा के सचिव अश्वनी खन्ना ने बताया कि आगामी 30 मई सुबह 8.30 बजे माल्यार्पण कार्यक्रम अरोड़वंश स्कूल चेयरपर्सन सुनीता सेतिया की अध्यक्षता में होगा।

### योग दिवस को लेकर योग समिति की बैठक

**रतिया।** पतंजलि योग समिति की बैठक शक्ति नगर स्थित भोजा राम धर्मशाला में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता तहसील प्रभारी वीरेंद्र मेहता ने की। बैठक में 11वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मुख्यातिथि के तौर पर जिला प्रभारी धर्मवीर ललित उपस्थित थे। बैठक में 20 जून तक ज्यादा से ज्यादा योग प्रोटोकोल प्रशिक्षण शिविर और योग जागरूकता रैली आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

### अधिकारी बोर्ड की मासिक बैठक 27 को

**फतेहाबाद।** नगराधीश गौरव गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व जिला में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा तथा विभिन्न विभागों द्वारा भविष्य में करवाए जाने वाले विकास कार्यों की रूपरेखा तैयार करने के लिए उपायुक्त मनदीप कौर की अध्यक्षता में 27 मई को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में बैठक आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि 27 मई को सुबह 10 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगी।

### हनुमान मंदिर में वार्षिक महोत्सव 25 और 26 को

**फतेहाबाद।** रामनिवास मोहल्ला स्थित श्री सनातन धर्म हनुमान मंदिर, स्वामी तुलसीदास वाला में वार्षिक महोत्सव का आयोजन 25 और 26 मई को किया जाएगा। दो दिवसीय सत्संग समारोह में कैमरी आश्रम के संत राजदास जी महाराज प्रवचन करेंगे। मंदिर के सेवादार जगत रुखाया ने बताया कि मंदर के संचालक श्री श्री 108 स्वामी गोपालानंद के सानिध्य में आयोजित होने वाले महोत्सव में 25 मई रविवार को बाद दोपहर 3 बजे सत्संग शुरु होगा।

### आईटीआई में 2 जून को लगेगा रोजगार मेला

**फतेहाबाद।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भोडिया खेड़ा में 2 जून को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। इस रोजगार मेले में मारूति सुजुकी इंडिया लिमिटेड, गुरूग्राम के प्रतिनिधि आईटीआई व्यवसाय फिटर, वैल्डर, पेंटर जनरल, विद्युतकार, टर्नर, मैकेनिक डीजल, मशीनीष्ट, मशीनीष्ट ग्राइडर, टूल एंड डाई, मोटर मैकेनिक व्हीकल, ट्रैक्टर मैकेनिक व वायरमैन हिस्सा ले सकते है।

### बाल भवन में 1 जून से लगेगा समर कैंप

**फतेहाबाद।** जिला बाल कल्याण परिषद् की अध्यक्ष एवं उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशानुसार बाल भवन फतेहाबाद में बच्चों हेतु समर कैम्प-2025 का आयोजन एक जून से 30 जून तक बाल भवन प्रांगण में किया जा रहा है, जिसमें बच्चों को ग्रीष्मकालीन अवकाशों के दौरान अनेक प्रकार की प्रशिक्षण गतिविधियां करवाई जाएगी। कार्यक्रम में बच्चों को प्रोत्सहित किया जाएगा।

### वरिष्ठ नागरिक परिषद की मासिक बैठक रद

**फतेहाबाद।** वरिष्ठ नागरिक परिषद की मई माह के आखिरी रविवार 25 मई को होने वाली आम बैठक रद्द कर दी गई है। यह जानकारी देते हुए वरिष्ठ नागरिक परिषद की प्रधान ईश्वर देवी सेठी व सचिव सुग्रीव सिंह बिश्रोई ने बताया कि गर्मी को देखते हुए मई माह में होने वाली मासिक बैठक रद्द की जा रही है। उन्होंने सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील की कि वे अपने-अपने घरों में रहें और सुरक्षित रहे।

## जांच के दौरान मशीनों में अटक रहे मरीजों के सैंपल

# भीषण गर्मी कर रही बीमार अस्पताल में बढ़ी ओपीडी

उच्च तापमान और मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल परिसर में स्थित लेब की सभी मशीनों में कट लग रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

लगातार तापमान में बढ़ोतरी होने के कारण सिविल अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही हैं। उच्च तापमान और मरीजों की बढ़ती संख्या के कारण अस्पताल परिसर में स्थित लेब की सभी मशीनों में कट लग रहे है। इसके कारण एलटी द्वारा लिए गए मरीजों के सैंपल जांच के दौरान मशीन में अटक रहे हैं। जिससे मरीजों को लंबे समय तक लेब के सामने बैठने पड़ता है। मरीजों को केवल आधे घंटे के टेस्ट की जांच के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है, जबकि अस्पताल प्रशासन द्वारा वर्कलोड का बहाना बनाकर बात को टालने की कोशिश की जा रही है। प्रत्येक निजी व सरकारी अस्पताल में लैब का तापमान इस तरह का सेट किया जाता है कि वहां पर जांच करने के लिए इंस्टाल की गई मशीन गर्म न हों पाएं, ताकि मरीजों के किए जाने वाले विभिन्न प्रकार के टेस्ट में किसी प्रकार की कोई बाधा न आए, लेकिन सिविल अस्पताल में बनी लेब के हालातों की बात करें, तो मानो वह लेब न होकर किसी गृहिणी की रसोई है। जिसमें लेब से बाहर और लैब के अंदर का तापमान एक समान ही रहता है।



**फतेहाबाद।** सरकारी अस्पताल का मुख्य गेट। फोटो : हरिभूमि

### जरूरत की जगह पर नहीं कोई एसी

जिला प्रशासन द्वारा जिले में बार बार हीट वेव को लेकर आम नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की जा रही है। जिसमें साफ स्पष्ट किया गया है कि गर्मी को देखते हुए उचित पर्यावरण में रह कर गर्मी से अपना बचाव करें, लेकिन अस्पताल परिसर में जारी की गई एडवाइजरी का कोई असर देखने को नहीं मिल रहा है। जिससे मरीजों को गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही है। जिससे प्रतीत हो रहा है कि अस्पताल परिसर में जरूरत की जगह पर एक भी एसी नहीं लगाया गया है।

### ओवरलोड के कारण लग रहे हैं कट डॉ. शरद तुली

सिविल अस्पताल के डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. शरद तुली ने बताया कि तापमान की बढ़ोतरी के कारण मरीजों की संख्या में भी बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। इसके कारण लेब में किए जाने वाले टेस्ट में लोड भी बढ़ गया है। जिसके कारण ही मशीनों का बार बार कट लग रहा है। उन्होंने बताया कि अस्पताल के सभी एसी की सर्विस करा कर सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### दो साल पहले हुई थी एसी की सर्विस

लेब में विभिन्न प्रकार के टेस्ट करने के लिए इंस्टाल की हुई मशीनों का तापमान सामान्य रखने के लिए अस्पताल प्रशासन द्वारा एसी लगाए हुए हैं, लेकिन वो अब ठंडी हवा देने की बजाए केवल शोपीस बने हुए हैं। लेब में कार्यरत कर्मचारियों का कहना है कि एसी की सर्विस हुए लगभग 2 साल का समय बीत चुका है। इसके कारण से एसी बंद पड़े हुए हैं और मशीनें बार बार लंबे कट लगा रही हैं और मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

# पीडब्ल्यूडी कर्मियों ने मांगों को लेकर कार्यालय पर दिया धरना

- यूनियन प्रतिनिधिमंडल से अधिकारी ने की बातचीत, समस्याओं के जल्द समाधान का दिया आश्वासन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

अपनी मांगों लेकर पीडब्ल्यूडी के कर्मचारियों द्वारा शुक्रवार को भट्टू रोड स्थित कार्यकारी अभियंता के कार्यालय पर हरियाणा गवर्मेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन के बैनर तले धरना दिया गया। धरने में काफी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लिया और नारेबाजी कर रोष जताया। धरने की अध्यक्षता यूनियन के राज्य उपप्रधान व फतेहाबाद के वरिष्ठ उपप्रधान धर्मपाल दरियापुर ने की व संचालन राणा पंवार ने की। मुख्य रूप से राज्य संगठन सहसचिव राजेश कुमार मौजूद रहे। धरने के बाद यूनियन प्रतिनिधिमंडल की विभाग के कार्यकारी अभियंता के साथ बातचीत हुई। बातचीत में प्रतिनिधिमंडल ने हरियाणा कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को रिन्यू करने और समय पर सैलरी देने के अलावा रेन कोट, शूज, डांगरी व साबुन आदि की एक साल से रूकी अदायगी का तुरंत भुगतान करने सहित अन्य मांगों को लेकर चर्चा हुई। इस पर कार्यकारी अभियंता ने यूनियन प्रतिनिधिमंडल को जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया।धरने को संबोधित करते हुए धर्मपाल दरियापुर ने कहा कि सरकार लगातार निजीकरण को बढ़ावा दे रही है।


**फतेहाबाद।** मांगों को लेकर धरना देते पीडब्ल्यूडी के कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

### अवैध शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल व सदर थाना पुलिस ने गश्त के दौरान छापेमारी करते हुए रानियां व सदर थाना क्षेत्रों में दो व्यक्तियों को 74 बोतल अवैध शराब 110 लीटर लाहन सहित गिरफ्तार किया है। सब इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह ने बताया कि एंटी नारकोटिक सेल सिरसा की एक पुलिस टीम गश्त व चेकिंग के दौरान नजदीक बस स्टैंड गांव थैहड़ी मोहर सिंह क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान गांव में अर्जुन सिंह के घर पर दबिश देकर आरोपी को 57 बोतल अवैध शराब के साथ काबू कर लिया। वही एक अन्य घटना है जिला की सदर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के गांव शाहपुर बेगू में मौजूद थी।

### माखोसरानी में मेधावी छात्रों को ग्राम पंचायत ने किया सम्मानित



**चोपटा।** गांव माखोसरानी स्थित राजकीय हाई स्कूल में हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की परीक्षा में मेधावी छात्रों को शुक्रवार को ग्राम पंचायत द्वारा सम्मानित किया गया। विद्यालय मुखिया सुरेश बैनीवाल ने बताया कि कि सत्र 2024 25 में मेरिट प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को गांव के सरपंच सुभाष कासनिया, स्कूल प्रबंधन कमेटी के प्रधान विजेंद्र सिंह ने विशेष उपहार देकर सम्मानित किया। स्कूल की छात्रा ज्योति पुत्री संजय,ज्योति पुत्री जयपाल, ज्योति पुत्री राजेश, रुचिका पुत्री शंकर लाल, अंकिता पुत्री जगदीश ने मेरिट हासिल की। इसी के साथ ही 2025 से 27 कार्यकाल के लिए नई विद्यालय प्रबंधन कमेटी का गठन भी किया गया।

### पीएम श्री स्कूल रूपावास में मनाया प्रतिभा सम्मान समारोह


**सिरसा।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

- मेरिट हासिल करने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

**सिरसा।** खंड नाथुसरी चौपटा के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रूपावास में कक्षा 10वीं और 12वीं की वार्षिक परीक्षा में मेरिट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करने के लिए प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन प्रधानाचार्य कमलजीत सिंह की अध्यक्षता में हुआ। सत्र 2024-25 में विद्यालय का कक्षा 10वीं और 12वीं का परीक्षा परिणाम हर साल की भांति शानदार रहा है और कुल 81 मैरिट के साथ रूपावास स्कूल ने खंड के सरकारी स्कूलों में प्रथम स्थान हासिल किया है। प्रतिभा सम्मान समारोह में प्रधानाचार्य, सरपंच उदयपाल ढिल्लों, विद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान बहादुर सिंह व रमेश ठोलिया ने मेरिट हासिल करने वाले विद्यार्थियों को मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सरपंच उदयपाल ढिल्लों ने स्कूल में प्रथम स्थान पर रहने वाले तीन विद्यार्थियों पलक, सचिन और आस्था को 2100-2100 रूपए का नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर केहरसिंह गोदारा, रामस्वरूप औलख, अनिरुद्ध ढिल्लों, ओमप्रकाश जेवलिया, अनिल शर्मा, रोहताश पूनिया, देवीलाल, निहाल सिंह पूनिया व गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी मौजूद रहे। गांव से सुरेश ने अपने पिता की स्मृति में एक वाटर कूलर स्कूल को भेंट किया।

### स्वामी ज्ञानानंद महाराज 25 को करेंगे 'संत निवास' का शिलान्यास

**फतेहाबाद।** पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा फतेहाबाद में पुरानी कचहरी रोड स्थित पंचनद सदन में 'संत निवास' का निर्माण करवाया जा रहा है। इस संत निवास का शिलान्यास 25 मई रविवार को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज द्वारा किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पंचनद सेवा ट्रस्ट के प्रधान किशोरी लाल नारंग व राधाकृष्ण नारंग ने बताया कि संत निवास शिलान्यास कार्यक्रम रविवार को सांय साढ़े 4 बजे आयोजित होगा। संत निवास में पंचनद द्वारा संतों के रहने के लिए सभी तरह की सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी। उन्होंने बताया कि शिलान्यास कार्यक्रम के बाद 5 बजे पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा अभिनंदन समारोह का भी आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी फतेहाबाद के जिलाध्यक्ष प्रवीण जोड़ा एडवोकेट, हरियाणा एग्रो इंडस्ट्रीज कारपोरेशन के चेयरमैन भारत भूषण मिढ़ा व हरकोफेड चेयरमैन व बीजेपी सिरसा जिला प्रभारी वेद फुलां को पंचनद सेवा ट्रस्ट द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

# पेयजल किल्लत पर लोगों ने रोड जाम किया, तुरंत सप्लाई शुरू

- शहर के दमकौरा रोड में कई दिनों से थी पेयजल किल्लत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| टोहाना

शहर के दमकौरा रोड पर पानी की समस्या के चलते लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे खफा लोगों के सब्र का बांध शुक्रवार को टूट गया और लोगों ने सडक़ पर जाम लगाकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों ने अधिकारियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

जाम के कारण सडक़ पर यातायात अवरूद्ध हो गया। जाम की सूचना मिलते ही शहर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और लोगों से बातचीत कर समस्या के जल्द समाधान करवाने का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। करीबन एक घंटा लगे जाम के खुलने के बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इसके बाद टूटे कनैक्शनों को जोडक़र पानी सप्लाई चालू की गई

दमकौरा रोड के लोगों ने बताया कि पिछले कई दिनों से उनकी कालोनी में पीने के लिए गंदा पानी आ रहा था लेकिन अब एक पाइप लाइन डालने का कार्य किया जा रही है जिसके चलते अनेक घरों की पाइप तोड़ दी गई है। उन्होंने कहा कि विभाग के अधिकारी कोई सुनवाई नहीं का रहे है जिसके चलते मजबूरन सडक़ पर आना पड़ा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि जल्द जल्द से पाइप के टूटे हुए कनेक्शन जोड़े जाए ताकि घरों में पानी पहुंच सके। अशोक जैन व मोहब्बतपाल सिंह ने बताया कि पानी न आने के चलते दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है लेकिन कोई सुनवाई नहीं कर रहा है। जिससे लोग परेशान थे।


**टोहाना।** पेयजल समस्या को लेकर रोड जाम करते लोग। फोटो : हरिभूमि

### बिजली लोक अदालत में सुनीं शिकायतें

**फतेहाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम द्वारा शुक्रवार को फतेहाबाद में बिजली लोक अदालत का आयोजन किया गया। यह बिजली अदालत भट्?टू रोड पर मिनी बाईपास के पास स्थित एसई कार्यालय में लगाई गई। इस बिजली अदालत में काफी संख्या में लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंचे और बिजली अधिकारियों ने अनेक समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। इस बिजली अदालत की अध्यक्षता एसई एसएस रॉय को करनी थी, लेकिन वह उपस्थित नहीं रहे। उनके स्थान पर फतेहाबाद डिवीजन के एक्सईएन संदीप मेहता ने समस्याएं सुनी। इस दौरान टोहाना डिवीजन के एक्सईएन कृष्ण कुमार भी मौजूद रहे। एक्सईएन संदीप मेहता ने बताया कि इस बिजली अदालत में उपभोक्ताओं ने अपनी अलग-अलग समस्या रखी। अधिकारियों द्वारा बिजली अदालत में आई समस्याओं का तुरंत समाधान किया गया। मौके पर ही संबंधित सब डिवीजनों के एसडीओ भी उपलब्ध रहे।

**साइबर क्राइम** | पुलिस ने लोगों को किया सावधान, एडवाइजरी जारी

# अज्ञात नंबर से आने वाली वीडियो कॉल से हो सकती है ब्लैकमेलिंग, हमेशा सावधान रहें : एसपी

- ठगी होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

जनता को साइबर अपराधों से सतर्क करने के उद्देश्य से फतेहाबाद पुलिस समय-समय पर जनहित में एडवाइजरी जारी कर रही है। पुलिस अधीक्षक सिद्धांत जैन ने नागरिकों से अपील की है कि वे सजग एवं सतर्क रहें तथा किसी भी प्रकार की साइबर धोखाधड़ी का शिकार न बनें। उन्होंने बताया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर अपराधी लगातार नए-नए तरीकों से ठगी की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। अब साइबर ठग अज्ञात नंबरों से वीडियो कॉल कर लोगों को ब्लैकमेल करने का नया तरीका अपना रहे हैं।

एसपी ने बताया कि साइबर अपराधी किसी अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल करते हैं। जैसे ही व्यक्ति कॉल रिसीव करता है, कॉल पर आपत्तिजनक वीडियो दिखाया जाता है। साथ ही, कॉल करने वाला व्यक्ति स्क्रीन रिकॉर्डिंग या स्क्रीनशॉट ले लेता है जिसमें कॉल करने वाले और रिसीव करने वाले दोनों के चेहरे दिखते हैं। इसके पश्चात अपराधी पीड़ित को वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेल करते हैं और पैसे की मांग करते हैं। अनेक बार लोग अपनी सामाजिक प्रतिष्ठा बनाए रखने के लिए ठगों को पैसे दे देते हैं।

एसपी ने आमजन के लिए सावधानियां बरतने की अपील करते हुए कहा कि अज्ञात नंबर से आने वाली वीडियो कॉल को रिसीव न करें। यदि कॉल रिसीव कर भी ली है, तो तत्काल अपना चेहरा न दिखाएं। पहले सामने वाले का चेहरा देखें। यदि वह परिचित न हो, तो कॉल तुरंत काट दें। सोशल मीडिया प्रोफाइल को प्राइवेट रखें। फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अकाउंट्स की गोपनीयता सेटिंग्स को सख्त करें। किसी अजनबी, विशेषकर अनजान लडक़ी की फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार न करें।

यदि आपकी वीडियो किसी भी प्लेटफॉर्म पर अपलोड कर दी गई है, तो तुरंत उसे रिपोर्ट करें। यूट्यूब ऐसे वीडियो को हटा सकता है। किसी भी अजनबी को अपनी व्यक्तिगत जानकारी जैसे कि पता, मोबाइल नंबर, या अन्य विवरण साझा न करें। मोबाइल कैमरा हमेशा फ्रंट की बजाय रियर मोड पर रखने का प्रयास करें यदि अज्ञात कॉल रिसीव करनी पड़े।

### 1930 पर तुरंत फोन करें



एसपी ने कहा कि यदि आप साइबर ठगी का शिकार हो जाएं तो नजदीकी पुलिस थाने या जिला साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराएं। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत दर्ज करें या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें। फतेहाबाद पुलिस नागरिकों से अनुरोध करती है कि वे स्वयं सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें, ताकि ऐसे अपराधों से बचा जा सके।

# वीर सावरकर के नाम पर होगा स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का नामकरण

**सिरसा।** चौधरी देवीलाल विश्वविद्यालय परिसर स्थित स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर का नामकरण अब स्वतंत्रता सेनानी, प्रखर विचारक और क्रांतिकारी साहित्यकार वीर सावरकर के नाम पर किया गया है। यह निर्णय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई द्वारा लिया गया, ताकि विश्वविद्यालय के युवा छात्र-छात्राओं में राष्ट्रबोध, सांस्कृतिक गौरव और स्वाभिमान की भावना को प्रोत्साहित किया जा सके। विश्वविद्यालय के कार्यकारी अभियंता राकेश गोदारा ने बताया कि कुलपति प्रो. नरसी राम ने यह निर्णय लेकर यह संदेश दिया है कि आज के युवाओं को वीर सावरकर के पदचिह्नों पर चलकर राष्ट्र निर्माण में भागीदार बनना चाहिए। यह नामकरण राष्ट्र के उन नायकों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने अपने साहस, बलिदान और दूरदर्शी विचारों से भारत के स्वतंत्र भविष्य की नींव रखी।

### ये बोले वीसी

प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने बताया कि वीर सावरकर के नाम पर छात्र गतिविधि केंद्र का नामकरण, विश्वविद्यालय के छात्रों को उनके आदर्शों और विचारों से जोडऩे का माध्यम बनेगा। यह केंद्र अब केवल सह-शैक्षणिक गतिविधियों का स्थान नहीं रहेगा, बल्कि विचारों, रचनात्मकता और राष्ट्रीय चेतना के विकास का मंच भी बनेगा। उन्होंने कहा कि वीर विनायक दामोदर सावरकर का जीवन और साहित्य राष्ट्र चेतना, स्वत्व बोध और भारत की सांस्कृतिक पहचान की पुनर्स्थापना के लिए समर्पित रहा। उन्होंने जीवन के हर क्षण को भारत माता की सेवा में लगाया।